मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांक: 12 सितम्बर 2016

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	13/09/16	14/09/16	15/09/16	16/09/16	17/09/16
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	34	34	35	35	34
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	25	25	25	24	24
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	1	1	1	2	2
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	80	80	85	80	80
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	30	25	28	28	26
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	8	8	7	6	6
हवा की दिशा	पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम	पश्चिम	पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

फसल	अवस्था	सलाह
मुंग, मोठ व ग्वार		किसान भाई मुंग, मोठ व ग्वार की पकी हुई फलियों की तुडाई करें व सुरक्षित स्थान पर रखें।
अरण्डी	पुष्प	अरण्डी की फसल को सेमीलूपर व बिहार हेयरी केटरपिलर के प्रकोप से बचाने के लिए एक लीटर क्यूनालफॉस 25 ई.सी का प्रति हैक्टेयर में छिडकाव करें।
टमाटर	फलन	टमाटर में पर्णकुंचन या विषाणु रोग के कारण पत्तियां सिकुड कर मुड जाती है तथा पत्तियों पर हल्का पीलापन लिए हुए हरे रंग के धब्बे हो जाते है। रोग के नियंत्रण हेतु मैलाथियॅान 50 ई.सी 1 मिली लीटर का प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिडकाव करें।
सब्जियां	फलन	कुष्माण्ड कुल की सब्जियों में बरूथी (माईट) का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु इथियॅान 50 ई.सी की 0.6 मिली लीटर का प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें।
पशु		पशु बाड़े में मल–मूत्र व कचरा आदि के कारण पशु में संक्रामक रोगों व परजीवियों का प्रकोप बढ़ने का खतरा रहता है। अतः बाड़े की साफ–सफाई पर ध्यान दें।

(नौडल ऑफीसर)